प्रेस विज्ञप्ति/प्रकाशनार्थ

11 फ़रवरी 2021 गोरखपुर।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के पुण्य तिथि पर रक्त दान शिविर का आयोजन ।

आज दिनाक 11 फ़रवरी 2021 को गोरखनाथ चिकित्सालय के ब्लड बैंक में एक रक्त दान शिविर का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के पुण्य तिथि पर हुआ।पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जन्म 25 सितम्बर 1916 को मथुरा जिले के "नगला चंद्रभान" ग्राम में हुआ था ।उनके पिता का नाम भगवती प्रसाद उपाध्याय एव माता का नाम रामप्यारी था।पिता जी रेलवे में सहायक स्टेशन मास्टर थे।

पंडित जी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक और संगठनकर्ता थे,वे भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष भी रहे,उन्होंने भारत की सनातन बिचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद नामक बिचारधारा दी।वे एक समावेशित बिचारधारा के समर्थक थे जो एक मजबूत और सशक्त भारत चाहते थे।राजनीती के साथ साहित्य में उनकी गहरी अभिरुचि थी।उन्होंने हिंदी और अंग्रेजी भाषाओ में कई लेख लिखे।

कुछ बिचार उनके इस प्रकार है।

नैतिकता के सिद्धान्तों को कोई एक ब्यक्ति नहीं बनाता ,बल्कि इनकी खोज की जाती है।

भारत में नैतिकता के सिद्धान्तों को धर्म के रूप में माना जाता है -यानि जीवन के नियम।

जब स्वभाव को धर्म के सिद्धान्तों के अनुसार बदला जाता है,तो हमें संस्कृति और सभ्यता प्राप्त होते है।

#यह जरुरी है कि हम "हमारी राष्ट्रीय पहचान "के बारे में सोचते है,जिसके बिना आजादी का कोई अर्थ नहीं है।

भारतीय संस्कृति की मुलभुत विशेषता है कि यह जीवन को एक एकीकृत रूप में देखती है।

ये बाते ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल ने बताई और कहा की गोरखनाथ ब्लड बैंक ने रक्तदाताओ को जागरूक करने में अपनी अहम् भूमिका का निर्वाहन किया है इसी का परिणाम है की आज लोग जागरूक है और समय-समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन हो रहा है।

आज शिविर में श्री प्रशांत मौर्या, गौरव यादव,कमलेश ,चंद्र भुसण ,प्रतिभा पाठक,विजय के साथ भारी संख्या में लोगो ने रक्तदान किया।

रक्तदाताओ को प्रसास्ति पत्र ,की चैन दे कर सम्मानित किया गया।